तापमान
अधिकतम 19.2 डिग्री
न्यूनतम 1.9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026



8 वार्षिक परीक्षा का शेड्यूल जारी




9 प्रधानमंत्री सनातन परम्परा को आगे बढ़ा रहे : मदान



### गणतंत्र दिवस पर कड़ी सुरक्षा: राइडर और पीसीआर तैनात

## कृषि मंत्री फहराएंगे तिरंगा, दिल्ली बॉर्डर तक पुलिस ने लगाए 31 नाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन के मैदान में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। दिल्ली जाने के लिए भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा, जबकि अन्य वाहन चालकों को जगह-जगह लगाए गए 31 नाके पार करने होंगे। इसके अलावा पूर्व, पश्चिम व गोहाना तीनों जोन में अलग-अलग नाके लगवाकर रूट डायवर्जन के साथ आवागमन करने वालों की सघन जांच की जा रही है। साथ ही 40 राइडर, 15 पीसीआर, 31 डायल-112 की गाड़ियां व 5 पायलट वाहनों को सुरक्षा के मध्यनजर जगह-जगह ड्यूटी पर तैनात हैं। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया किसमारोह में पुलिस टुकड़ियों के साथ होमगार्ड के जवान व विद्यार्थी मार्च पास्ट करेंगे। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी पीटी-शो देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वहीं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में गोहाना के शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क स्थित मिनि स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सोनीपत से विधायक निखिल मदान, खरखौदा की नई अनाज मंडी में विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर की नई अनाज मंडी में कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।



सोनीपत। एक नाके पर मुस्तैद खड़े पुलिस के जवान।

### यहां से होंगे रूट डायवर्ट, कुंडली बॉर्डर दिल्ली पुलिस अलर्ट


रूट डायवर्जन के अनुसार पानीपत की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गन्नौर फ्लाईओवर से ही खुबडू झाल की तरफ मोड़ा जाएगा। इसी तरह गोहाना बाईपास पर नाका लगाकर वाहनों को सोनीपत पैरलल नहर मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा, ताकि वह दिल्ली की मुख्य सीमा तक न पहुंचें। उत्तर प्रदेश की ओर से बहालगढ़ आने वाले वाहनों को भी पैरलल नहर के रास्ते निकाला जाएगा। खरखौदा क्षेत्र में भी दिल्ली चौक पर विशेष नाकाबंदी की गई है, जहां से ट्रैफिक को सांपला रोड की ओर भेजा जाएगा। कुंडली बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल कर सख्त पहरा लगाया गया है, ताकि कोई भी प्रतिबंधित वाहन सीमा पार न कर सके।इसके अलावा सोनीपत से गोहाना की ओर जाने वाले वाहन चालक महलाना चौक से महलाना रोड, सेक्टर-23 व गांव गढ़ी ब्राह्मणान होते हुए पुनः गोहाना रोड पर पहुंचेंगे। इसी प्रकार गोहाना से सोनीपत आने वाले वाहन चालक गोहाना रोड बाईपास से मुड़कर जाहरी रेलवे फ्लाईओवर व जटवाड़ा होते हुए सोनीपत व आगे अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। पुलिस ने रूट डायवर्जन से संबंधित संकेतक व दिशा सूचक बोर्ड भी लगाए हैं, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### एजुकेशन सिटी व कुंडली में रोके जा रहे भारी वाहन

गन्नौर के पास बड़ी, मुरथल, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई व कुंडली जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारी वाहनों को रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गणतंत्र दिवस पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और राजधानी की सुरक्षा में कोई चूक न रह जाए। सोनीपत पुलिस का यह सुरक्षा घेरा केवल सड़कों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है। रेलवे स्टेशनों व बस अड्डा के साथ पुलिस होटलों, ढाबा व रेस्तरां पर भी विशेष नजर रखे हुए है। सभी क्षेत्रों में हर गतिविधियों पर नजर रखी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही करने वाले कर्मचारी या अधिकारी के विरुद्ध भी सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएंगे।










## खबर संक्षेप

### रणजी मैच में हरियाणा ने असम को हराया

**रोहतक।** गुवाहटी में खेले गए रणजी ट्रॉफी के मैच में हरियाणा ने असम को 9 विकेट से हराया। इसमें रोहतक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा की ओर से खेलते हुए तन्मय ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पूरे मैच में पांच विकेट लिए व 11 रन का योगदान दिया। वहीं, आशीष सिवाच ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 59 रन बनाए। इसके अलावा आशीष ने शानदार फिल्डिंग करते हुए चार कैच भी पकड़े। पहले बल्लेबाजी करते हुए असम की टीम पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से तन्मय ने 34 ओवर में आठ मेडन व 53 रन देकर दो विकेट लिए। हरियाणा की टीम पहली पारी में 236 रन पर ऑलआउट हो गई व 11 रन की लीड ली। असम की टीम दूसरी पारी में कुछ खास नहीं कर सकी व 158 रन पर ऑलआउट हो गई और हरियाणा को 170 रन का लक्ष्य मिला। तन्मय ने इस पारी में तीन विकेट लिए। हरियाणा की ओर से आशीष सिवाच ने 57 गेंदों पर सात चौके व चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए।

### सनातन संस्कृति ही जीवन का आधार

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में भक्ति और राष्ट्र सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित भव्य सुंदरकांड पाठ के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जहां संतों ने समाज को नशा मुक्ति और सनातन संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शंकरानंद महाराज के सानिध्य में हुआ। उनके श्री मुख से प्रवाहित सुंदरकांड की चौपाइयों ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। स्वामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति और सनातन संस्कृति ही जीवन का आधार है। उन्होंने युवाओं और समाज के हर वर्ग को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए जप, तप, भजन और कीर्तन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज ने राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान पर जोर देते हुए संकल्प लिया कि वे पूरे हरियाणा के प्रत्येक शहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस अवसर पर नवीन सचदेवा, ईशु नागपाल, निखिल अग्गरवाल, जितेंद्र चौहान, जितेंद्र सोनी, अभिषेक रहे।

### नेशनल क्रास कंट्री में हरियाणा को कांस्य पदक

**रोहतक।** 60वीं नेशनल क्रास कंट्री चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता रांची झारखंड में आयोजित की गई। इसमें हरियाणा की टीम ने आठ किलोमीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। प्रदेश की टीम में रोहतक से अक्षय व अंकित रोहतक, रेवाड़ी से नवरत्न, करनाल से शुभम, पानीपत से गुरदीप सिंह व सोनीपत से सुमित शामिल है। हरियाणा एथलेटिक्स अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि हरियाणा की टीम 75 अंक हासिल करके कांस्य पदक जीता है। हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़, राजकुमार मिटान एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ग्रीवेंस कमेटी सदस्य, टीम मैनेजर विकास गहलावत और टीम कोच मंदीप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

---

### 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी, तैयारियों में जुटा प्रशासन

# अधिकारियों को प्रश्न पत्रों के लिए लगानी होगी भिवानी तक दौड़

**जिला के 75 राजकीय उच्च विद्यालय व 135 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी होंगे शामिल**

**प्रदेश में कक्षा 9वीं के लिए 17 फरवरी से 6 मार्च 11वीं के लिए 16 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी परीक्षाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से प्रदेश में 17 फरवरी से 6 मार्च तक कक्षा 9वीं व 16 फरवरी से 13 मार्च तक कक्षा 11वीं की परीक्षाओं का संचालन किया जाएगा। परीक्षा के लिए सुबह साढ़े 8 से साढ़े 11 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। अब अधिकारियों को दोनों कक्षाओं के प्रश्न पत्र लेने के लिए फरवरी माह में भिवानी की दौड़ लगानी होगी। जिला शिक्षा विभाग की ओर से सोनीपत में संचालित 75 राजकीय उच्च विद्यालयों व 135 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी कक्षा 9वीं व 11वीं की परीक्षा में शामिल होंगे। ऐसे में निदेशालय की ओर से 11-11 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को 12 व 13 फरवरी को भिवानी पहुंचकर परीक्षा संबंधी प्रश्न पत्रों की पेटियां ले जाने के निर्देश दिए हैं। सोनीपत सहित 11 जिलों के शिक्षा अधिकारियों 13 फरवरी को भिवानी में प्रश्न पत्रों की पेटियां मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अधिकारियों को मौके पर दोनों कक्षाओं के परीक्षा संबंधी प्रश्न पत्र जिला व विषय अनुसार मुहैया करवाए जाएंगे। साथ ही उच्च अधिकारियों की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।



सोनीपत के सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

#### प्रतिनिधि नियुक्त करने को देना होगा ब्योरा

अगर जिला शिक्षा अधिकारी किसी कारणवश संबंधित कार्य के लिए भिवानी नहीं पहुंच पाते हैं तो इसके लिए उन्हें अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने से पहले उनका पूरा विवरण देना अनिवार्य रहेगा। उनके भिवानी बोर्ड कार्यालय पहुंचने से पहले नियुक्त किए अधिकारी या कर्मचारी का नाम, पता, पद, मोबाइल नंबर संबंधी विवरण सहायक सचिव की ई-मेल पर 9 फरवरी से पहले भेजना आवश्यक रहेगा। अन्यथा भिवानी भेजे जाने वाले कर्मचारी की कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

#### पुलिस सुरक्षा में होगा सुरक्षित स्थान

निदेशालय ने निर्देश दिए हैं कि जिला मुख्यालय पर चयनित स्थान पर ही प्रश्न पत्रों की पेटियों को रखा जाएगा। इसके अलावा उक्त स्थान पुलिस सुरक्षा की निगरानी में रहेगा। चयनित हॉल या कमरे को केवल प्रश्न पत्र की पेटियां रखने या परीक्षा के दिन इन्हें निकलवाने के लिए खोला जाएगा। साथ ही हॉल या कमरे को खोलने या बंद करने का पूर्ण विवरण भी रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। वहीं परीक्षा में प्रयोग होने वाली उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेवारी विद्यालय प्रबंधकों, प्राचार्य व मुख्य अध्यापक को सौंपी जाएगी।

#### बीईओ की देखरेख में होगा प्रश्न पत्रों का वितरण

परीक्षा के दिन जिला अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारियों के सहयोग से ब्लॉक अनुसार प्रश्न पत्रों के सील बंद पैकेट विद्यालय प्रबंधकों को वितरित करेंगे। निदेशालय ने यह निर्णय नकल रहित परीक्षा संपन्न करवाने के उद्देश्य से लिया है। इसके अलावा भिवानी मुख्यालय से प्रश्न पत्रों की पेटियां जिला मुख्यालय तक भिजवाने की जिम्मेदारी बोर्ड कार्यालय की रहेगी। इसके जिला मुख्यालय पर इन पेटियों को उतरवाने से लेकर गोपनीयता व सुरक्षित स्थान पर रखवाने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है।

#### परिक्षाओं के लिए दिए निर्देश

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। साथ ही शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से जल्द भिवानी में दोनों कक्षाओं संबंधी सील बंद प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा। जिला में नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए उच्चाधिकारियों की ओर से जारी निर्देशों की अनुपालना की जाएगी। इसमें विभाग के सभी प्रबंधन सदस्यों का सहयोग अनिवार्य रहेगा।

**नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

---


राई। विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने काटा केक

- विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना कर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन राई हल्के में उत्साह और सादगी के साथ मनाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने शिरकत नांदनौर गांव में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के सरल स्वभाव और कर्मठ नेतृत्व से प्रदेश में सुशासन स्थापित हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को और मजबूत करें। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, सरपंच निर्मला देवी, जयचंद, राजवीर आंतिल, राज सिंह, रामकुमार, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार , रणवीर ,अशोक कुमार, कर्मवीर ,रामनिवास महावीर, उमरा फौजी आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को राई हल्के के गांव नादनौर में विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से सुना।

---

## एमडी स्कूल के विद्यार्थियों ने क्षेत्र के गांवों में निकाली तिरंगा यात्रा

- तिरंगा देश की शान, सम्मान और बलिदान का प्रतीक है : जोगेंद्र मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरढ़ाना द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न गांवों में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में राष्ट्रप्रेम, एकता और सामाजिक जागरूकता की भावना को मजबूत करना रहा। तिरंगा यात्रा से पूर्व विद्यालय प्रबंधक जोगेंद्र सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को तिरंगे के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तिरंगा देश की शान, सम्मान और बलिदान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य अंजू मलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यात्रा गांव नया बांस, बिलंदपुर, अटायल, तेवड़ी और आहुलाना सहित आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरी।



गन्नौर। प्रबंधक जोगेंद्र सिंह व प्राचार्य अंजू मलिक तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए।

### सोने का टॉप्स चोरी में पुलिस से शिकायत

**सोनीपत।** पानीपत से दिल्ली जा रही हरियाणा रोडवेज की बस में पानीपत निवासी नीलम वर्मा का सोने का टॉप्स चोरी हो गया। मुरथल थाना में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह पानीपत जिला कोर्ट में स्टेनोग्राफर हैं। वह निजी कार्य से न्यू बस स्टैंड पानीपत से दिल्ली जाने वाली हरियाणा रोडवेज की बस में सवार हुई थीं। यात्रा के दौरान गन्नौर से एक युवक बस में सवार हुआ और उनकी सीट के पास खड़ा हो गया। जब बस भिगान टोल के पास पहुंची तो अचानक ब्रेक लगने से वह युवक उनकी सीट की ओर गिर पड़ा। उसी दौरान उनके कान का सोने का टॉप्स गायब हो गया। उन्हें शक है कि युवक ने टॉप्स चोरी कर लिया। घटना की सूचना पर मुरथल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस को रुकवाकर जांच की।

## मन की बात कार्यक्रम लोगों को देश के विकास से जोड़ने का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड स्थित जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य व युवा भाजपा नेता विकास त्यागी के जीटी रोड स्थित कार्यालय में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक व जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने शिरकत की।

इस अवसर पर विकास त्यागी, सोमबीर शास्त्री, खेड़ी तगा के सरपंच वेदप्रकाश सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना गया। प्रधानमंत्री द्वारा सामाजिक सरोकार, राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर दिए गए संदेशों को कार्यकर्ताओं ने प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर माईराम कौशिक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आमजन को देश के विकास से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के विचारों व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।


गन्नौर। भाजपा के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

---


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों के साथ अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन।

### ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में रविवार को पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को विद्यालय से पुनः जोड़ना तथा उनके अनुभवों से वर्तमान छात्रों को प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसके शर्मा के साथ नीरज शर्मा, रीमा शर्मा एवं चंचल शर्मा, मीनू शर्मा, पार्थ, भूपेंद्र उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में एसके शर्मा ने सभी पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं और उनकी सफलता से विद्यालय का गौरव बढ़ता है। नीरज शर्मा जी ने भी शैक्षिक परंपराओं एवं पूर्व छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला और हमेशा विद्यालय से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व व वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत परिस्थितियों दी गई साथ ही पूर्व छात्र–छात्राओं एवं विद्यार्थियों द्वारा विचार व्यक्त किए गए।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर किया हवन यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 56 वें जन्मदिन के अवसर पर खरखौदा के कम्युनिटी सेंटर में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हवन यज्ञ करके मुख्यमंत्री की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। जिसका आयोजन भाजपा के विदेशी मामले विभाग के जिला सहसंयोजक विनोद सैनी द्वारा किया गया। हवन यज्ञ में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा, खरखौदा नगर पालिका अध्यक्ष हीरालाल, प्रदीप सैनी व सभी पार्षद तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हवन यज्ञ के उपरांत केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया तथा उपस्थित लोगों में लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके जन कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा की और प्रदेश के विकास के लिए उनके प्रयासों को ऐतिहासिक बताया।


खरखौदा। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हवन यज्ञ करते समर्थक।



सोनीपत। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए अतिथि साथ में संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान शिविर में 51 यूनिट एकत्रित

**सोनीपत।** मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा रविवार को सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-23 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी डॉ. धर्मवीर मलिक के नेतृत्व में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सोनीपत के निवर्तमान मेयर राजीव जैन उपस्थित रहे। उनके साथ एबीवीपी हरियाणा प्रमुख अवतार लम्बा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, निदेशक पंकज जैन, रजिस्ट्रार जितेंद्र भारद्वाज, मनीष राई भी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में सिविल अस्पताल, सोनीपत की रक्तकोष टीम द्वारा रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत, प्राध्यापक दिलबाग सिंह, हवासिंह पहलवान, धर्मबीर राठी, आनंद हुड्डा, भगत सिंह मलिक, ओमकार मलिक, अशोक मलिक, डॉ. पूर्णमल गौड़, राजबीर मलिक, नरेश आदि मौजूद रहे।

---


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं से लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक मतदान की अपील

सोनीपत। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर माई इंडिया-माई वोट थीम पर जिला पुलिस लाइन ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अंतर्गत आयोजित निबंध, भाषण, रंगोली, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुभाष चंद्र, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा सहित कई अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हरियाणा की जीत में रोहतक के तंमय ने लिए पांच विकेट

**रोहतक।** असम की राजधानी गुवाहटी में खेले गए रणजी ट्रॉफी के मैच में हरियाणा की टीम ने असम को 9 विकेट के बड़े अंतर से हराया। इस मैच में रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा की ओर से खेलते हुए तंमय ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पूरे मैच में पांच विकेट लिए व 11 रन का योगदान दिया। वहीं, आशीष सिवाच ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 59 रन बनाए। इसके अलावा आशीष ने शानदार फिल्डिंग करते हुए चार कैच भी पकड़े। पहले बल्लेबाजी करते हुए असम की टीम पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। असम की ओर से रितुराज ने 53 रन बनाए। हरियाणा की ओर से तंमय ने 34 ओवर में आठ मेडन व 53 रन देकर दो विकेट लिए।

### प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई परीक्षा

## धर्मप्रकाश आर्य की स्मृति में स्कॉलरशिप टेस्ट

- 1242 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शिक्षाविद् स्वर्गीय धर्मप्रकाश आर्य की पावन स्मृति में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों से आए लगभग 1242 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह स्कॉलरशिप टेस्ट कक्षा छठी से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी एवं सामान्य ज्ञान जैसे विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्राचार्या दया दहिया ने इस अवसर पर कहा कि महान शिक्षाविद् धर्मप्रकाश आर्य ने सदैव शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम माना। उनकी स्मृति में आयोजित यह स्कॉलरशिप टेस्ट विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक सार्थक प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रताप स्कूल शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी सोच और नैतिक मूल्यों के विकास पर निरंतर कार्य कर रहा है। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना की।


खरखौदा। स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### चयनित विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी

परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच, विषयगत समझ और प्रतिस्पर्धात्मक योग्यता का आकलन करना रहा। चयनित विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान कर उनकी शिक्षा को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा, ताकि कोई भी छात्र केवल आर्थिक कारणों से अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके साथ ही यह आयोजन महान शिक्षाविद् धर्मप्रकाश आर्य द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित किया गया।

## 50 करोड़ की फर्जी रजिस्ट्री से हिला राजस्व तंत्र

# नायब तहसीलदार पर गिरी गाज, ड्यूटी से हटाकर मुख्यालय से किया अटैच

- 50 करोड़ की जमीन को 6.16 करोड़ में बेचा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गन्नौर तहसील में सामने आए करीब 50 करोड़ रुपये की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले ने हरियाणा के राजस्व तंत्र की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मामले में गंभीर लापरवाही और नियमों की अनदेखी के आरोपों के चलते नायब तहसीलदार अमित कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्हें तत्काल प्रभाव से फील्ड ड्यूटी से हटाकर पंचकूला स्थित मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है और पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि इस मामले में 22 जनवरी को वित्त आयुक्त एवं राजस्व विभाग (एफसीआर) को पत्र लिखकर कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) को जांच सौंपी गई थी। एफसीआर स्तर से जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि विवादित रजिस्ट्री से जुड़े सभी मूल दस्तावेजों के साथ नायब तहसीलदार को जांच के दौरान उपस्थित होना होगा, ताकि यह तय किया जा सके कि रजिस्ट्री के समय नियमों और प्रक्रिया का पालन किया गया था या नहीं।

**1** आरोप : फर्जी विक्रेता ने कंपनी का नकली अथॉरिटी लेटर तैयार किया जमीन का सौदा किया

**2** विवादित रजिस्ट्री से जुड़े सभी मूल दस्तावेजों के साथ नायब तहसीलदार को जांच के दौरान उपस्थित होना होगा

### क्या है पूरा मामला

गन्नौर क्षेत्र में दिल्ली की एक नामी रियल एस्टेट कंपनी की करीब 4.5 एकड़ जमीन, जिसकी बाजार कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है, उसे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मात्र 6.16 करोड़ रुपये में बेच दिया गया। आरोप है कि फर्जी विक्रेता ने कंपनी का नकली अथॉरिटी लेटर तैयार किया, जिसके आधार पर जमीन का सौदा किया गया। जांच में खरीदार, गवाह, नंबरदार और डीड राइटर के दस्तावेजों में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इसके बावजूद रजिस्ट्री कर दी गई, जो राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मामला सामने आने के बाद भी रजिस्ट्री को तुरंत रद्द नहीं किया गया और न ही तत्काल आपराधिक कार्रवाई हुई। इससे यह आशंका और गहरी हो गई है कि कहीं इस पूरे प्रकरण में मिलीभगत तो नहीं थी। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संपत्ति के सौदे में दस्तावेजों की प्राथमिक जांच न होना न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि संभावित भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करता है।

### एडीसी रिपोर्ट में गंभीर चूक की पुष्टि

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त उपायुक्त, सोनीपत ने भी उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है, जिसमें रजिस्ट्री प्रक्रिया में प्राथमिक स्तर पर गंभीर चूक की पुष्टि हुई है। वहीं पुलिस आयुक्त, सोनीपत ने भी विभागीय पत्राचार कर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत आपराधिक लापरवाही और नियम उल्लंघन की जांच का उल्लेख किया है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि मामला सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि आपराधिक जांच के दायरे में भी जा सकता है।

### मिलीभगत मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

यह मामला केवल एक अधिकारी की लापरवाही तक सीमित नहीं माना जा रहा है। राजस्व विभाग की जांच में रजिस्ट्री प्रक्रिया, दस्तावेजों की सत्यता, और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की विस्तृत पड़ताल की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में नियमों के उल्लंघन या मिलीभगत की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जनहित और पारदर्शिता का सवाल

गन्नौर का यह प्रकरण आम जनता के लिए भी चेतावनी है कि भूमि सौदों में पारदर्शिता और दस्तावेजों की जांच कितनी जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस तरह के मामलों में सख्त और समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती, तो जमीन माफिया और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ सकती हैं। फिलहाल प्रशासनिक और पुलिस जांच जारी है। अब देखना यह होगा कि जांच की आंच सिर्फ नायब तहसीलदार तक सीमित रहती है या इस मामले में अन्य अधिकारियों और दलालों की भूमिका भी उजागर होती है।

### यह मामला सिस्टम की कमजोरी उजागर करता

जानकारों का कहना है कि जमीन रजिस्ट्री जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में कई स्तरों पर सत्यापन की व्यवस्था होती है। ऐसे में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की जमीन का सौदा हो जाना सिस्टम की गंभीर कमजोरी को उजागर करता है। यह मामला राज्य में भूमि घोटालों के बढ़ते मामलों की एक और कड़ी बनता दिख रहा है।

*गोहाना भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम व सीएम का जन्मदिन मनाया*

# प्रदेश की जनता के हितों को समर्पित हैं मुख्यमंत्री : अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। हवन में आहुतियां डालते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मुकेश रोहिल्ला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आमजन के हितों को समर्पित व्यक्तित्व हैं, जो हर आयुवर्ग के उत्थान को समर्पित रहते हैं। वे रविवार को गोहाना में सोनीपत मार्ग स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हवन में आहुतियां डाल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मार्चा गोहाना के अध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने की। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की भाजपा सब का साथ-सब का विकास विचार को प्रदेश में मजबूती से आगे बढाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन रात आमजन की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 217 संकल्प लिए गए, जिसमें से 56 संकल्प पूरे किए जा चुके हैं और बाकी संकल्पों पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा गोहाना जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, नरेन्द्र गहलावत, परमवीर सैनी, बलराम कौशिक, महेंद्र चिड़ाना और अरुण बड़ौक सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सनातन परम्परा को आगे बढ़ा रहे : निखिल मदान

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने रविवार को वार्ड नं 13 के शादीपुर गांव में बूथ नंबर 143 पर पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर विधायक ने पूर्व मेयर राजीव जैन और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन मनाया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी का पुनरोद्धार जनभागीदारी की सफलता की अद्भुत मिसाल है। यहां के लोगों ने अपनी सामूहिक शक्ति से ना केवल एक नदी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की धारा को एक नया जीवन दिया है। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार के बेनॉय दास जी ने साबित किया है कि कैसे पर्यावरण संरक्षण की छोटी-छोटी कोशिशों से भी बड़े बदलाव आ सकते हैं। बीते कुछ वर्षों में वे अपने जिले में हजारों पेड़ लगा चुके हैं, जिससे सड़कों के किनारे हरियाली देखते ही बनती है। ये तमाम ऐसे उदाहरण है जिन्होंने दिखाया है कि जब हौसला बुलंद हो तो बड़े से बड़े असंभव कार्य भी आसानी से हो जाते है।


सोनीपत। विधायक निखिल मदान और भाजपा नेता राजीव जैन मन की बात सुनते हुए।




## श्रीश्याम बसंत महोत्सव में पहुंचे कमल दिवान, बाबा श्याम का लिया आशीर्वाद


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।


**सोनीपत।** कबीरपुर में आयोजित श्रीश्याम बसंत महोत्सव में कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस धार्मिक कार्यक्रम में उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।कमल दिवान ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और शांति का संदेश देते हैं। बाबा श्याम की महिमा अपरंपार है और उनकी भक्ति से मन को असीम शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य निशान यात्रा के साथ हुई। शाम को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पहुंचने पर कमल दिवान का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। देर रात तक चले कीर्तन में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के भजनों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय आयोजकों और श्याम प्रेमियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार भी उपस्थित रहे।







PARAMOUNT SCHOOL OF SCIENCE
Kharkhoda Road, Mauzamnagar Farmana, Sonipat
Paramount School Of Science
पैरामाउंट परिवार की तरफ से आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
We are Looking for Talented People to Join Our Team.
OPENINGS
PGT - BIOLOGY, ENGLISH, MATHS, PHYSICS, CHEMISTRY
TGT - SCIENCE, MATHS, ENGLISH, S.S.
PRT - ALL SUBJECTS
DPE - MALE - 1
MONIKA PHOGAT
PRINCIPAL
9813753700, 9466278731 E-mail : paramountschoolofscience@gmail.com
Website : www.paramountschoolofscience.in ParamountSchoolofScience


नगर पालिका खरखौदा
की ओर से
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएँ
आइए इस गणतंत्र दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें -
अपने घर-आसपास और शहर को स्वच्छ रखें।
समय पर टैक्स का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें।
गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें।
पानी को स्वच्छ रखें और उसका सदुपयोग करें।
पर्यावरण को साफ, सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखें।
स्वच्छता, अनुशासन और जिम्मेदारी से ही हम एक मजबूत और सुन्दर खरखौदा का निर्माण कर सकते हैं। जय हिन्द
मनीष रेढू
सचिव, नगर पालिका, खरखौदा
हीरालाल इंदौरा
प्रधान, नगर पालिका, खरखौदा


!! भाजपा जिन्दाबाद !!
!! भाजपा जिन्दाबाद !!
!! भाजपा जिन्दाबाद !!
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला परिषद एवं ब्लाक समिति द्वारा प्रत्येक गांव में करवाए जा रहे हैं विकास कार्य
मोनिका दहिया
चेयरपर्सन, जिला परिषद
राजबीर दहिया
पूर्व ब्लॉक चेयरमैन
सितेन्द्र (सत्ते रोहट)
ब्लॉक समिति चेयरमैन


26 जनवरी हमें गर्व से भर देता है।
संविधान ने हमें समान अधिकार दिए।
आइए, राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।
वंदे मातरम्।
यह दिन हमें संविधान, लोकतंत्र और अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है।
आप सभी प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
आइए, मिलकर खरखौदा को स्वच्छ, सुरक्षित और विकासशील बनाएं।
26 January Republic Day
पवन खरखौदा
विधायक - विधानसभा क्षेत्र खरखौदा